# || जीवनोपयोगी कुंजियां ||

## Tips for Successful Life

**ॐ जल्दी परमात्मा सुख की अनुभूति पाने के लिए :-**

मंत्र का दीर्घ उच्चारण मन को शीघ्र शिव स्वरूप में ले आएगा | जो भी मंत्र करो लेकिन उसको प्लुत में ले जाओगे तो मन ॐ स्वरूप ईश्वर में पहुंचेगा और जल्दी परमात्मा सत की , परमात्मा ज्ञान की , परमात्मा सुख की अनुभूति होगी |

-पूज्य बापूजी Mandsaur 1st Feb' 2012

**ॐ दवाई लेते समय :-**

दवाई लेनी पड़ती हो अगर किसी को तो दवाई लेते समय पूर्व और उत्तर के बीच जो ईशान कोन पड़ता है ...उस ओर मुंह कर के दवाई लें तो उसकी दवाई में भगवान और गुरु का आशीर्वाद मिल जायेगा | उसकी तबियत जल्दी अच्छी होने लगेगी |

-श्री सुरेशानंदजी Mandsaur 1st Feb' 2012

**ॐ दाँतों की मजबूती के लिए :-**

देशी गाय का गौमूत्र ३-४ बार कपड़े से छान कर कोई मुंह में भरे और अच्छी तरह कुल्ला करें फिर थूक दे ... फिर भरे ...ऐसा ४-५ बार करें ....फिर साफ पानी से मुंह धो लें | उस आदमी को कभी dentist के पास नहीं जाना पड़ेगा | बुढ़ापे में भी दांत मजबूत रहेंगे | चौखट नहीं लगवानी पड़ेगी |

- श्री सुरेशानंदजी Jiran 30th Jan' 2012

**ॐ खेती के काम में ये सावधानी रहे :-**

ज़मीन है अपनी... खेती काम करते हैं तो अमावस्या के दिन खेती का काम न करें .... न मजदूर से करवाएं | जप करें भगवत गीता का ७ वां अध्याय अमावस्या को पढ़ें ...और उस पाठ का पुण्य अपने पितृ को अर्पण करें ... सूर्य को अर्घ्य दें... और प्रार्थना करें " आज जो मैंने पाठ किया ...अमावस्या के दिन उसका पुण्य मेरे घर में जो गुजर गए हैं ...उनको उसका पुण्य मिल जाये | " तो उनका आर्शीवाद हमें मिलेगा और घर में सुख-सम्पति बढ़ेगी |

- श्री सुरेशानंदजी Jiran 30th Jan' 2012

**ॐ जोडे के दर्द में :-**

अगर जोड़ो का दर्द है... मेथी दाना पीस के रख दिया ... १ चम्मच मेथी दाना, १/२ चम्मच हल्दी और १/२ चमच गंथोदा (जिसे पिपलामुल भी कहते हैं ...पंसारी के यहाँ मिलते है ) कुल मिला के २ चम्मच हो गए | रात को एक ग्लास पानी में भिगा दो | सुबह उबाल के उसका आधा ग्लास कर दो .... छान के पी लो | २०-२५ दिन में घुटनों का कैसा भी तकलीफ़ होगा भाग जायेगा ... नहीं भागता तो ३० दिन करो |

- पूज्य बापूजा Sitamau 1st Feb' 2012

**ॐ कार्य में सफलता पाने के लिए :-**

पूज्य बापूजी कहते हैं कोई भी शुभ काम करना हो...घर में कोई मांगलिक प्रसंग हो तो १०८ बार "ॐ नमो भगवते वासुदेवाय |" यह १२ अक्षर का नाम बोल के शुरुआत करें तो उस काम में सफलता प्राप्त होती है |

- श्री सुरेशानंदजी Nikumbh 29th Jan' 2012

**ॐ धन में बरकत :-**

तिजोरी का दरवाज़ा उत्तर की तरफ हो तो पैसों की बरकत होगी ।
दुकान में cash-box अगर उत्तर दिशा में खुलता हुआ हो तो उत्तर दिशा के मालिक कुबेर भंडारी की नजर पड़ने से धन की बरकत रहती है ।

-श्री सुरेशानंदजी Mandsaur 1st Feb' 2012

**ॐ सम्रिद्धि में बरकत :-**

ईशान कोण में तुलसीजी हों, और पूजा के स्थान में गंगाजी का जल हो, तो सम्रिद्धि में बरकत होती है।|

- श्री सुरेशानंदजी Jiran 30th Jan' 2012